महत्वपूर्ण एवं खास

तिम्मापुर आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान घायल

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम तिम्मापुर के पास नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान शीलचंद मिंज घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बासागुड़ा थाना क्षेत्र के तिम्मापुर के पास नक्सलियों ने सीआरपीएफ की रोड ओपनिंग पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी विस्फोट कर दिया, इस घटना में सीआरपीएफ का जवान शीलचंद मिंज घायल हो गये, बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं। घायल जवान को उपचार के लिए बासागुड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। इस आईईडी विस्फोट की पुष्टि बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप ने किया है।

भिलाई स्टील प्लांट के भीतर आरटीओ का छापा, 15 मालवाहक वाहन जब्त

दुर्ग (आरएनएस)। भिलाई स्टील प्लांट के भीतर आरटीओ और पुलिस की संयुक्त दबिश,परिवहन विभाग के नियमो के विरुद्ध चल रही वाहनों की जांच, मालवाहक परिवहनों की अनिमितता पर जप्ती की कार्यवाही,15 से अधिक मालवाहक वाहन जप्त, भिलाई सिटी कोतवाली के पीछे मैदान में जप्ती के बाद किया जा रहा खड़े, रायपुर और दुर्ग आरटीओ के अधिकारी कर्मचारी टीम में शामिल, दुर्ग एएसपी संजय ध्रुव पुलिस का कर रहे नेतृत्व, जांच शाम तक रहेगी जारी।

तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर,मौत

» चालक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर से करीब 30 किलो मीटर दूर सिलतरा धरसींवा में तेज रफ्तार वाहनों की लापरवाही के चलते सड़क हादसों में इजाफा हुआ है। फिर सड़क हादसे में एक स्कुटी सवार व्यक्ति की मौत हो जाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक भाठापारा सिलतरा धरसींवा निवासी नरेश निषाध 26 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 1 सिंतबर को शाम 4बजे के करीब सोनू-मोनू ढाबा के पास सिलतरा में स्कूटी से जा रहे कृष्णकुमार वर्मा 66 वर्ष निवासी अभनपुर को तेज रफ्तार टाटा 1109 वाहन वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 6714 का चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

घरेलू विवाद पर पत्नी ने पति को मारा चाकू,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। घरेलू विवाद में पत्नी ने पति ो चाकू मारकर घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज करायी गई है।मिली जानकारी के मुताबिक सुरेन्द्र नाग 30 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 2 वर्ष पूर्व प्रार्थी का संबलपुर उड़िसा निवासी सुमन साहू से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों सूर्यानगर गोगांव गुढ़ियारी रायपुर में किराये के मकान में रहते है। 1 सितंबर को घरेलू विवाद पर रात्रि लगभग 10.40 बजे प्रार्थी की पत्नी सुमन ने सब्जी काटने वाली चाकू से उसके पसली में मारकर चोट पहुंचाया। जिसके बाद प्रार्थी डॉयल 112 को फोन कर बुला थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस ने महिला के खिलाफ अपराध कामय कर मामला दर्ज कर लिया है।

अधिक दाम पर यूरिया बेचने वाले सालर के भावेश ट्रेडर्स पर की गई कार्यवाही, 21 दिनों के लिए उर्वरक विक्रय करने से किया गया प्रतिबंधित

» यूरिया खाद की कालाबाजारी रोकने उर्वरक निरीक्षकों ने किया 127 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

रायगढ़। रायगढ़ जिला अंतर्गत उर्वरक प्रमाण पत्र धारकों (लायसेंसी) के द्वारा उर्वरक का विक्रय किया जा रहा है, वर्तमान में यूरिया खाद की कालाबाजारी व निर्धारित दर से अधिक दर में विक्रय किये जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। कलेक्टर भीम सिंह द्वारा उप संचालक कृषि को लगातार इन शिकायतों पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था। जिस पर उप संचालक कृषि रायगढ़ के द्वारा उर्वरक निरीक्षकों को औचक निरीक्षण करने हेतु आदेश जारी किया गया। जिसके परिपालन में उर्वरक निरीक्षकों द्वारा अपने संबंधित क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठान में जाकर औचक निरीक्षण लगभग 127 प्रतिष्ठानों में किया गया, जिसमें पाया गया कि अधिकांश विक्रेताओं के पास यूरिया की स्कंध मात्रा निरंक है एवं भावेश ट्रेडर्स सालर, सारंगढ़ का शिकायत प्राप्त होने पर औचक निरीक्षण के दौरान दो शासकीय कर्मचारियों को 500 रुपये के दो नोट जिसका स.क्र. 20 आर

122310 तथा 8 टीए 746636 को भावेश टेड्रर्स में भेजा गया। भावेश ट्रेडर्स के संचालक संजय अग्रवाल द्वारा कर्मचारियों को यूरिया का दर 580 रुपये प्रति बोरी बताया गया (विटामिन सहित) और 580 रुपये में यूरिया को बेचा गया कुछ समय पश्चात जब औचक निरीक्षण किया गया तो भावेश टेड्रर्स के संचालक/दुकानदार के गल्ले में 500 रूपये के दो नोट जिसका स.क्र. 20 आर 122310 तथा 8 टीए 746636 मिला जिसको शासकीय कर्मचारी को उर्वरक खरीदने के लिए देकर भेजा गया था। वास्तव में निर्धारित दर से अधिक दर में विक्रय किया जाना पाया गया जिसके उपर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत खण्ड-3 का उल्लंघन किये जाने के कारण खण्ड-28 (1) के तहत उर्वरक विक्रय पर 21 दिनों के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वर्तमान में कालाबाजारी को रोकने के लिए जिले के अंतर्गत पदस्थ सभी उर्वरक निरीक्षकों के द्वारा सतत् निगरानी रखी जा रही है। कृषकों से अपील की जा रही है कि किसी भी उर्वरक विक्रेताओं से निर्धारित दर से अधिक दर पे उर्वरक खरीदी नहीं करें इसकी सूचना कृषि विभाग को जरूर दें।

जिले के सभी कृषक जहाँ भी अधिक कीमत पर उर्वरक विक्रय, जमाखोरी एवं गुणवत्ता संबंधी शिकायत मिलती है तो उप संचालक कृषि रायगढ़ को दूरभाष क्रमांक 077622-20213 किसान मितान केन्द्र में तत्काल सूचित करें। ताकि त्वरित कार्यवाही किया जा सके।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना बनी किसानों के लिए संजीवनी

रायपुर (आरएनएस)। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को खेती किसानी के काम में काफी सुविधा मिली है। इसके साथ ही किसानों को समय पर धन राशि मिलने से वे अन्य जरूरतों को भी आसानी से पूरा कर पा रहे है। बलौदाबाजार जिले में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिली आदान सहायता राशि से रसेड़ी गांव के किसान पीलसिंह निषाद को खंड वर्षा के हालात में भी संबंल प्रदान किया है। न्याय योजना से किश्तों में मिली राशि से जहां वे अच्छे तरीके से खेती-बाड़ी कर पा रहे हैं, वहीं पत्नी के अचानक बीमार हो जाने पर निजी अस्पताल में बेहतर इलाज भी करा पाये हैं। पीलसिंह ने आदान सहायता राशि के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि भी पीलसिंह निषाद बलौदाबाजार तहसील के ग्राम रसेड़ी के लघु किसान हैं। लगभग 4 एकड़ की खेती है। पिछले खरीफ मौसम में उन्होंने 56 क्विंटल धान रसेड़ी सोसायटी में समर्थन मूल्य पर बेचे थे। इसका भुगतान उन्हे खाते में हो चुका है। जरूरत के मुताबिक वे राशि समय-समय पर निकालते हैं।

दूसरे की जमीन का फर्जी कागजात तैयार कर अपना बताकर बेच दिया, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। फर्जी कागजात बनाकर दूसरे की जमीन को अपना बताकर 25 लाख रुपये की ठगी करने वाले चार लोगों के खिलाफ खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक देवपुरी टिकरापारा रायपुर निवासी राजेश गिडवानी 53 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि पाटीदार भवन गली के पीछे साईड गली में प्रार्थी का एसएसडी प्लाईवुड के नाम से फैक्ट्री हैं। तथा उसके फैक्ट्री के सामने करीबन 22000 वर्गफुट खाली जमीन हैं। इस जमीन को बेचना है कहकर विजय सिसोदिया नामक व्यक्ति उसके पास 05-06 वर्षो से आकर संपर्क कर रहा था। आरोपी से पूछने पर की उक्त जमीन किसका है तब उसने एक व्यक्ति को किसान बताकर मिलाया। व कागजात देखने के बाद 20 मार्च 2021 को कृष्णा काम्पलेक्स कोर्ट के सामने प्रार्थी के दोस्त के ऑफिस में तीनों किसान को लेकर आये व 700 रुपये वर्गफीट में जमीन का सौदा विजय सिसोदिया व राजीव दत्ता से हुआ। जिसके बाद बतौर ब्याना 5 लाख रुपये नगद किसान झाड़ू राम को वह दिया। इसके अलावा उन्हें अलग-अलग तीन चेक 15 लाख रुपये का दिया। तथा 11 अगस्त को कृष्णा कामप्लेक्स मे विजय व राजीव दत्ता और राजकुमार तीनो किसान को लेकर फिर आये जहां पर उक्त सौदा के संबध में 05 लाख नगद किसान पुत्रु को देने कहा तब वह 5 लाख रुपये नगद और दे दिया।

कोविड की संभावित तीसरी लहर से लड़ने की सारी तैयारियां पूर्ण : कलेक्टर

» रायगढ़ के पूर्ण टीकाकृत होने की योजना को अधिकारियों को पढ़ाया जाएगा

रायगढ़। रायगढ़ जिले के कोविड के पहले डोज के मामले में पूर्ण टीकाकृत पहले जिले का गौरव मिलने के बाद कलेक्टर भीम सिंह ने पहली बार प्रेसवार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया, जिले में पहला डोज सभी को लगाने के पीछे किसी एक की मेहनत नहीं बल्कि यह साझा सहयोग था। जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य महकमा, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी समेत कई अन्य लोगों का इसमें योगदान था। कोविड के दूसरे डोज के

मामले में भी जिला राज्य के बाकी जिलों से बेहतर स्थिति में है। जबकि जिले की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां कई दुर्गम क्षेत्र हैं आदिवासी समुदाय हैं फिर भी हमारे लोगों ने विकट परिस्थितियों में अपना काम इमानदारी से पूरा किया है। जल्द ही दूसरे डोज के लिए भी महा अभियान चलाया जाएगा इसकी तैयारी की जा रही है। कोविड काल में और वैक्सीनेशन ड्राइव में जिले की मीडिया का बहुत बड़ा रोल रहा है उन्होंने लोगों को वैक्सीन के लिए जागरूक किया और कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने के लिए लगातार खबरें लिखीं हैं।

कलेक्टर भीम सिंह ने बताया, शत प्रतिशत वैक्सीन होने पर जिले का मान बढ़ा है। राज्य स्तर पर जिले को शाबाशी तो मिली ही है साथ ही अब रायगढ़ की इस उपलब्धि को मसूरी स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी स्टडी के रूप में भी शामिल किया जाएगा। प्रेस वार्ता में कलेक्टर भीम सिंह ने बताया, कोरोना की संभावित तीसरी लहर का सामना करने के लिए जिला पूरी तरह से तैयार है। मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल (एमसीएच) को पूरी तरह से बच्चों के लिए बना दिया गया है जिसमें सभी बेड ऑक्सीजनयुक्त है। इसी तरह सभी सीएसची में 50 बेड ऑक्सीजनयुक्त वाले हैं। जिले के लगभग सभी लोगों को जब टीका लग गया है तो ऐसे में बाहरी लोगों पर खास नजर रखी जा रही है। उद्योगों में बाहर काम करने आने वालों लोगों से संक्रमण फैलने का खतरा ज्यादा है इसलिए इसकी सतत निगरानी की जा रही है।

धरमजयगढ़ वनमंडल में वन धन केन्द्र से लोगों को मिल रहा रोजगार

» महिला समूहों का किया जा रहा स्किल डेवलपमेंट

» समूह वनोपज से तैयार कर रहे विभिन्न उत्पाद

रायगढ़। शासन द्वारा ट्रायफेड एवं छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ के सहयोग से 52 प्रकार के लघु वनोपज का समर्थन मूल्य निर्धारित कर त्रिस्तरीय स्व-सहायता समूहों के संरचना के माध्यम से वन वासियों का लघु वनोपज का क्रय एवं प्राथमिक प्रसंस्करण करने अधोसंरचना का निर्माण किया गया है जिसे वनधन विकास केन्द्र कहा जाता है वन मंडल धरमजयगढ़ अंतर्गत कुल 13 वनधन विकास केन्द्रों का निर्माण मनरेगा

से स्वीकृत कर जिला पंचायत के द्वारा किया गया है। प्रत्येक वनधन केन्द्र में लघु वनोपज के संग्रहण एवं प्रसंस्करण कार्य से 300-350 हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।

वनधन विकास केन्द्र कडेना में सवई घास से टोकरी और कोस्टर (डायनिंग टेबल सेट)निर्माण करने वाले प्रभारी स्व-सहायता समूह को वनधन विकास केन्द्र कलस्टर में विविधता हेतु भारत सरकार के ट्रायफेड के द्वारा जगलपुर में राज्य स्तर में तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र दिया गया जिससे कलस्टर के समस्त समूह गौरवान्वित एवं उत्साहित महसूस कर रहे हैं।

भविष्य में सवई घास से टोकरी एवं कोस्टर के अतिरिक्त अन्य उत्पाद तैयार करने उत्पादन आधारित प्रशिक्षण करने रणनीति तैयार की जा चुकी है। जिससे सवई घास प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा कर 300-350 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ के मार्गदर्शन में स्थापित वनधन केन्द्रों में प्रसंस्करण कार्य समूहों के द्वारा किया जा रहा है। इनमें परिक्षेत्र धरमजयगढ़ के वनधन केन्द्र आमापाली में कार्यरत जनमित्रम दुर्गा स्व-सहायता समूह द्वारा माहुलपत्ता प्रसंस्करण केन्द्र, बोरो में जनमित्रम उजाला स्व-सहायता समूह द्वारा लाख पालन प्रसंस्करण केन्द्र, बाकारूमा के कडेना में सरस्वती स्व-सहायता समूह द्वारा सबई टोकरी प्रस्संकरण केन्द्र, छाल के कुड़ेकेला में जमुना स्व-सहायता समूह द्वारा छिंद घास प्रसंस्करण केन्द्र, कापू में शारदा स्व-सहायता समूह द्वारा तैलीय बीज प्रसंस्करण केन्द्र, लैलूंगा के कुंजारा में मां-महामाया स्व-सहायता समूह द्वारा तैलीय बीज प्रसंस्करण केन्द्र तथा लैलूंगा के लिबरा में तारिणी स्व-सहायता समूह द्वारा माहुलपत्ता प्रसंस्करण का कार्य कराया जा रहा है।

अबूझमाड़ के सुदूर अंचलों से लेकर शहरों-कस्बों तक पहुंचा पोषण रथ

रायपुर (आरएनएस)। सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में कुपोषण एवं एनीमिया में कमी लाने के उद्देश्य से बुधवार को जन-आंदोलन के रूप में अभियान की शुरूआत की गई। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने राजनांदगांव जिले के वन धन केन्द्र पानाबरस मोहला से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान एवं सामुदाय आधारित सुपोषण प्रबंध कार्यक्रम अंतर्गत अतिरिक्त आहार का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके तहत समुदायिक सहयोग से कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं का चिन्हांकन कर उन्हें दवाईयां एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर सुपोषित बनाने के लिए काम किया जाएगा। इसी कड़ी में अभियान के शुभारंभ अवसर पर अबूझमाड़ के सुदूर अंचलों से लेकर प्रदेश के शहरो-कस्बों तक पोषण रथ सही खान-पान का महत्व और कुपोषण से बचाव का संदेश लेकर पहुंचे। गंभीर कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट का वितरण किया गया। कुपोषण मुक्ति के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने पोषण रैली निकाली जिसमें कुपोषण से लड़ाई के लिए उनका उत्साह देखने को मिला।

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह : प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर 4 शिक्षकों को स्मृति पुरस्कार

» 54 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान से होंगे सम्मानित

रायपुर (आरएनएस)। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल सु अनुसुईया उइके के मुख्य आतिथ्य में 05 सितंबर 2021 को सुबह 11 बजे से राजभवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे और विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव होंगे। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 58 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 54 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान और 4 शिक्षकों को प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 54 शिक्षिकों में से प्रत्येक को 21-21 हजार रूपाए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के महान विभूतियों की स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रत्येक शिक्षक को 50-50 हजार रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के 04 महान साहित्यिक विभूतियों के नाम पर 04 शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजा जाएगा। इनमें बलोदाबाजार जिले के विकासखंड भाटापारा की पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक केशव राम वर्मा को ''डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्मृति पुरस्कार'' और बलौदाबाजार जिले के विकासखंड सिमगा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसदा के व्याख्याता चोवाराम वर्मा को ''डॉ. गजानन्द माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार'', महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा की शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला कसेकेरा के प्रधान पाठक विजय कुमार शर्मा को ''डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार'' और गरीयाबंद जिले के विकासखंड की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उसरीजोर के शिक्षक कमलकिशोर ताम्रकार को ''डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार'' प्रदान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में पूंजी निवेश की अपार संभावनाएं : मुख्यमंत्री

» ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 'इन्वेस्टगढ़ छत्तीसगढ़ 2022' का आयोजन नवा रायपुर में 27 जनवरी से 1 फ़रवरी 2022 तक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए नवा रायपुर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2022 'इन्वेस्टगढ़ छत्तीसगढ़' का आयोजन 27 जनवरी 2022 से 01 फ़रवरी 2022 तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित 'इन्वेस्टगढ़ छत्तीसगढ़ परियोजना' के उद्घाटन समारोह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2022 की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने इस अवसर पर इन्वेस्टगढ़-छत्तीसगढ़ का लोगो (प्रतीक चिन्ह) और वेबसाइट लांच की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास और पूंजी निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार ने उद्योग हितैषी नई औद्योगिक नीति तैयार की है। राज्य में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए आवंटित भूमि की दरों में 30 प्रतिशत तथा लीज रेंट की दरों में एक प्रतिशत की कमी करने के साथ औद्योगिक भूमि को फ्री-होल्ड, आंशिक हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल किया गया है। उद्योगों के लिए सिंगल विन्डो स्थापित करने के साथ अनेक रियायतें और विशेष पैकेज तथा परिवहन अनुदान की सुविधा देने जैसे कदम उठाए गए है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में निवेश के फायदों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य शासन की ओर से दिए जा रहे प्रोत्साहन के साथ अच्छी परिवहन प्रणाली, बढ़िया कानून व्यवस्था, भरपूर पानी, देश के प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच, कम उत्पादन लागत जैसे बहुत से लाभ उद्योगों को मिलते है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के बावजूद छत्तीसगढ़ में अर्थव्यवस्था गतिशील बनी रही। कृषि जैसे अनेक महत्वपूर्ण काम रूकने नहीं दिया गया। बघेल ने कहा कि ग्लोबल इंवेस्टर्स मीट के दौरान राज्य सरकार द्वारा स्थानीय कम्पनियों और उद्योगों के लिए 'गो-ग्लोबल' की पहल की जाएगी ताकि स्थानीय उद्योगपति भी वैश्विक स्तर पर अपने व्यवसाय का प्रसार कर सके।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक अरूण प्रसाद, उद्योग विभाग के संचालक अनिल टुटेजा भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम से वियतनाम, मलेशिया, सिंगापुर, लंदन, यूएसए, दुबई, इजिप्ट आदि अनेक देशों से निवेशक समुदाय के प्रतिनिधि वर्चुअल रूप से जुड़े।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमृण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु पर संघ मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले मिटरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU